NEWS इन ब्रीफ

## भारतीय मजदूर संघ ने डीसी ऑफिस के सामने धरना दिया

**जमशेदपुर** । पटना में आयोजित भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में 4 प्रस्ताव पारित किए गए थे। यह अधिवेशन 7 से 9 अप्रैल तक हुआ था। इन प्रस्तावों को सरकार द्वारा लागू कराने की मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने बुधवार को साकची में डीसी ऑफिस के सामने धरना दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन डीसी ऑफिस में सौंपा। इसमें मांग की गई है कि सभी मजदूरों और कामगारों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराई जाए। ठेका प्रथा पर रोक लगाई जाए और ठेका श्रम निवारण एवं नियमितीकरण अधिनियम 1970 में संशोधन किया जाए। आर्थिक विकास के लिए राष्ट्रीय श्रम नीति बने और न्यूनतम मजदूरी के स्थान पर जीविका मजदूरी तय हो।

## केंद्रीय जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर ने साहिबगंज का किया दौरा

**साहिबगंज।** साहिबगंज जिले में केंद्रीय जलमार्ग राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर का आगमन हुआ । उन्होंने गंगापुल और मल्टीमॉडल बंदरगाह का निरीक्षण किया । इस दौरान उनके साथ उपायुक्त रामनिवास यादव भी उपस्थित थे। उन्होंने बुधवार को नमामि गंगे के माध्यम से बैरकपुर संस्था की सहायता से गंगा में मछली के बीजों को भी छोड़ा। श्री ठाकुर ने समाहरणालय स्थित सभागार में बताया की मल्टीमॉडल बंदरगाह का निर्माण अभी और भी बाकी है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सोच है कि वाराणसी से हल्दिया तक पड़ने वाले शहरों को जल मार्ग के माध्यम से जोड़कर एक अच्छा संबंध बनाएं। जलमार्ग आवागमन में सबसे सस्ता साधन है । यह उद्योग बहुत बढ़िया है और भविष्य में लोगों के लिए बहुत काम आने वाला है।

## सहायक मंडल अभियंता के बंगला में हिरण का बच्चा मिला



**मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रेलवे परिक्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता ए के तिवारी के बांगला में मंगलवार के रात्रि में जंगल से भटकते हुए एक हिरण का बच्चा उनके आवास की चहरदीवारी को फांदते हुए घुस गया।फांदने के क्रम में हिरण का बच्चा घायल भी हो गया था। अहले सुबह ड्यूटी जाने के क्रम में रेलकर्मी प्राणो नाथ सिंह बडाईक, रामप्रकाश रवानी तथा अशोक महतो ने उसे चारदीवारी के अंदर बगीचे में देखा। तीनों रेलकर्मी के द्वारा उसे पकड़ कर सुरक्षित तरीके से गैरेज में रखा गया तत्पश्चात इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के जयप्रकाश साहू फॉरेस्टर (चार्ज) तथा वनकर्मी अमर कुमार मौके पर पहुंचे।

## गोइलकेरा हत्याकांड का मुख्य आरोपी

**चाईबासा।** कोर्ट ने गोइलकेरा विजय जारीका हत्याकांड में जेल में बंद मोतिया अंगरिया को जमानत दे दी है। कोर्ट ने पुलिसिया जांच पर सवाल उठाए है। न्यायाधीश ने जमानत देते हुए कहा है कि हत्या के आरोप में जेल में बंद शख्स और हत्याकांड के मुख्य आरोपी दोनों अलग-अलग शख्स हैं। दरअसल विजय जारीका की 4 अगस्त 2021 को हत्या हुई थी। इस मामले में मुख्य आरोपी लाल सिंह अंगरिया है। जो पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। अदालत ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका जनवरी 2022 को ही खारिज कर दी थी, लेकिन इसके बावजूद उसने सरेंडर नहीं किया। अभी भी वो फरार चल रहा है।

# कलश यात्रा के साथ गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार, प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वाधान में चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ को लेकर बुधवार को यजमान रमेश प्रसाद गुप्ता सपत्नी की अगुवाई में यज्ञ स्थल से गाजे-बाजे के साथ संगीतमय भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान बेड़ो में मां गायत्री के जयकारों से गूंज उठा। एक बनेंगे, नेक बनेंगे....सभ्य बनेंगे, परिवार की शक्ति... नारी शक्ति, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा... जैसे जयघोषों साथ कलश यात्रा आगे बढ़ी। कलश यात्रा मे जिप सदस्य पार्वती कुमारी बीडीओ डा प्रवीण कुमार, अशोक पंडा, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय, भीखा उरांव, विश्वनाथ गोप, गंदुर गोप, जगरनाथ भगत मुकेश कुमार राय शामिल हुए। मौके पर जिप सदस्य पार्वती भगत ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है और मन में अच्छे विचार आते हैं। धर्म की बात एक साथ मिल बैठकर सुनने से आपस में भाईचारा बढ़ता है। साथ ही एक-दूसरे के प्रति दुर्भावना खत्म होती है। कलश यात्रा महावीर चौक बाजार टांड़, देवी मंडप चौक, सांई मंदिर रोड होते हुए डुकु तालाब पंहुची। जहां गायत्री परिवार के परमेश्वर साहू,फौजदार पांडेय व राजेश्वर सिंह ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमि,कलश और जल पूजन का धार्मिक अनुष्ठान पूरा किया। इसके बाद कन्याओं व महिलाओं का जत्था जल कलश को अपने माथे पर लेकर यज्ञ स्थल पहुंचा। जहां कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। वहीं इस महायज्ञ को सफल बनाने में फौजदार पांडेय, राजेश्वर सिंह, विजय कुमार, लक्ष्मण मंडल, रमेश प्रसाद गुप्ता, करुणानिधि, मनोज बड़ाईक, अंजू देवी, कमला देवी, चंपू देवी, केशव सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

# डीएनए टेस्ट के लिए भी तैयार हूं

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
आज दैनिक समाचार पत्रों में और कल से आज तक विभिन्न न्यूज चैनलों में प्रकाशित एवं प्रसारित आपका वक्तव्य पढ़ा और देखा जो मेरे चरित्र के बारे में है और जिसे आपने जमशेदपुर में दिया है। इनमें आपने मुझसे कतिपय सवाल पूछा है और इनका उत्तर जानना चाहा है। आपके वक्तव्य में एक महिला और एक युवक का उल्लेख है जिनसे मेरा संबंध आपने जानना चाहा है। आपने हम सबसे डीएनए टेस्ट कराने की मांग भी की है। आपके ये आरोप काफी गंभीर हैं। मैं आपके सभी प्रश्नों का सटीक उत्तर देना चाहता हूं। डीएनए टेस्ट के लिए भी तैयार हूं। मेरे बैंक खाता से इनके बैंक खाता में हुए ट्रांजेक्शन की पूरी विवरण भी आपको देना चाहता हूं। आप जितने वर्षों का चाहे उतने वर्षों का आयकर विभाग में हमारे द्वारा दायर वित्तीय विवरण भी आपके अवलोकनार्थ भेजना चाहता हूं। अपनी संपत्ति की डीटेल भी आपके सामने रखना चाहता हूं। इस संदर्भ में आपसे केवल यही एक मांग/अनुरोध करता हूं कि विगत 24 अप्रैल, 2023 के जिस संवाददाता सम्मेलन में आपने मुझ पर ये आरोप लगाया है और मुझसे कई सवाल पूछा है उसमें संवाददाताओं के बीच वितरित अपने प्रेस वक्तव्य की एक हस्ताक्षरित प्रति मुझे उपलब्ध करा दीजिये। आप एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के जिला अध्यक्ष हैं और प्रेस सम्मेलन में आपने आधिकारिक वक्तव्य दिया है तो आपके द्वारा दिये गये प्रेस वक्तव्य की आधिकारिक प्रति आपके कार्यालय में अवश्य संरक्षित होगी। साथ ही अपने इस प्रेस वक्तव्य पर आपने अपने प्रदेश आलाकमान और राष्ट्रीय आलाकमान से भी सहमति अवश्य लिया होगा। आपसे निवेदन है कि कल जारी अपने मूल प्रेस वक्तव्य की एक हस्ताक्षरित प्रति मुझे अवश्य उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे ताकि मैं उन सवालों का बिन्दुवार उत्तर आपको दे सकूं।

# विधायक ने केसीबी कॉलेज के नए भवन का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
करमचंद भगत कॉलेज के परिसर में बुधवार को झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के द्वारा 13 करोड़ की लागत से बनने वाले ने भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की रांची विश्वविद्यालय के पूर्व प्रॉक्टर डा दिवाकर मिंज कॉलेज के प्राचार्य डा राजा अजित कुमार ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़ करके के किया। इस कॉलेज भवन का निर्माण हो जाने से छात्रों के पठन पाठन से लेकर परीक्षा हॉल तक की समस्या दूर होगी। साथ ही भविष्य में बीएड सहित अन्य व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई का रास्ता खुलेगा। मौके पर विधायक ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र में बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए कृतसंकल्पित हूं। शिक्षा से मानव समाज की दशा व दिशा बदलती है। उन्होंने कहा कि नए भवन के निर्माण से महाविद्यालय को आधार भूत संरचना व सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस कॉलेज को हम सभी के सहयोग इसे विश्वविद्यालय का स्वरूप देने में कामयाब हो सकेंगे। उन्होने कहा कि इस कॉलेज से क्षेत्र के बच्चों का समय और धन की बचत होगी एवं स्थानीय स्तर पर ही उच्च अध्ययन के अवसर मिलेंगे। इससे बेटियों की शिक्षा में बडा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के द्वारा किए गए अमूल्य योगदानों को भूलाया नहीं जा सकता। साथ ही उन्होंने ग्राम सभा को मजबूत बनाकर गांवों की तस्वीर को बदलने की अपील किया। समारोह में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि शिक्षा अनमोल धन है। शिक्षा से ही व्यक्ति जीवन पथ पर चरित्र वान, ज्ञानवान और प्रभावशाली व्यक्तित्व का धनी बनता है। उन्होंने कहा कि अविभाजित बिहार में पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत ने अपने कार्यकाल के दौरान तीन महाविद्यालय और प्रोजेक्ट बालिका स्कूल की स्थापना कर एक उत्कृष्ट कार्य किया था।

# बजाज आलियांज ने लगातार 22वें वर्ष ग्राहक को बोनस की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक बजाज आलियांज लाइफ ने एक बार फिर लगातार 22वें वर्ष के लिए बोनस की घोषणा करके अपने पॉलिसीधारकों के अटूट विश्वास को कायम रखा है। कंपनी ने इसके पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के लिए 1,201 करोड़ रुपये का बोनस घोषित किया है, जिसमें 872 करोड़ रुपये का नियमित प्रत्यावर्ती बोनस और 329 करोड़ रुपये का टर्मिनल और नकद बोनस शामिल है। बोनस से 11.43 लाख योग्य निष्ठावान पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे जो बजाज आलियांज लाइफ के साथ अपने जीवन के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। कंपनी द्वारा घोषित नियमित प्रत्यावर्ती बोनस पॉलिसीधारक की परिपक्वता या मृत्यु के समय देय होगा। वित्त वर्ष 2023 के लिए कंपनी के

BAJAJ | Allianz
Bajaj Allianz General Insurance

पार्टिसिपेटिंग पॉलिसीधारकों के फंड द्वारा उत्पन्न अधिशेष से बोनस के लिए धन प्राप्त किया जाएगा। तरुण चुघ, एमडी और सीईओ, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, बजाज आलियांज लाइफ अपने ग्राहकों से किए गए वादे के प्रति प्रतिबद्ध है। लगातार 22 वर्षों तक घोषित बोनस टीमों के फोकस का एक प्रमाण है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे ग्राहक हमारे साथ उनके दीर्घकालिक लक्ष्यों में निवेशित रहने के लाभों का आनंद ले सकें। हमारे हर कदम में ग्राहकों को केंद्र में रखा जाता है, क्योंकि इसी तरह हम आगे बढ़ते हैं ताकि कई और ग्राहक हमारे साथ अपने लक्ष्यों को पूरा कर सकें। बजाज आलियांज लाइफ ने बजाज आलियांज लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल, बजाज आलियांज एलीट एश्योर, बजाज आलियांज लाइफ इनकम एश्योर सहित अपने पार्टिसिपेटिंग उत्पादों के लिए लगातार 22वें वर्ष बोनस की घोषणा की है। 31 मार्च, 2023 तक लागू सभी पार्टिसिपेटिंग पॉलिसी कंपनी द्वारा घोषित बोनस प्राप्त करने के योग्य हैं। बजाज आलियांज लाइफ द्वारा साल दर साल घोषित प्रतिस्पर्धी बोनस कंपनी पर ग्राहकों के भरोसे का प्रमाण है। अपने बेहतर प्रॉडक्ट, डिजिटल और तकनीक-सक्षम सेवाओं, बड़े वितरण नेटवर्क और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ, बजाज आलियांज लाइफ आने वाले वर्षों में कई और ग्राहकों को अपने जीवन के लक्ष्यों को एक सहज और पूर्ण तरीके से प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार है।

# गुरु नानक स्कूल में जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
21/04/2023 से 23/04/2023 तक रांची जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता गुरु नानक पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में आचार्यकुलम विद्यालय के बच्चों ने बढ़- चढ़कर भाग लिए और भव्य प्रदर्शन किए। इसमें पलक गुप्ता ने अपने चार मैच जीतकर 4 अंक प्राप्त की। अन्य छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किए, उनमें हैं- अरनव राठौर, अभ्युदय कुमार, समर प्रताप सिंह, धृति तिवारी, अंशुमन रंजन, अनभ्या तिवारी। विद्यालय की प्राचार्या सुजाता कौर जी ने छात्रों के इस सफल प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए, उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि - आप सभी इसी तरह मेहनत करते रहें और आने वाले भविष्य में इससे बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय एवं देश स्तरीय प्रतियोगिता में भी अव्वल आएं। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के खेल शिक्षक श्री दीपक गोप जी की अहम भूमिका रही।

## बिजली की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**बसिया।** भय ने एक शव को यहां भयभीत करते हुए लावारिस बनाने का काम कर गया। यह मामला बसिया के टेंगरा निवासी एक मजदूर से संबंधित है जो जहानाबाद के एक ईंट भठ्ठे में मजदूरी का काम करने गया हुआ था और गत दिनों हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आकर अपनी जान गंवा बैठा।
मिली जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर मोहन लोहरा बसिया के टेंगरा गांव का रहने वाला था। हाई वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की जानकारी मिलते ही संबंधित थाने ने यूडी केस दर्ज कराते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया गया और एक एम्बुलेंस के माध्यम के शव के साथ उसकी पत्नी और बच्चे को टेंगरा गांव भेज दिया। गांव तक पहुंचते ही रात हो गई। रात हो जाने के कारण एम्बुलेंस ने गांव वालों से सम्पर्क करना चाहा परंतु कुछ लोगों ने उसे यह कह कर दिग्भ्रमित कर दिया कि गांव जाओगे तो गांव वाले तुम्हारे साथ मार पीट कर देंगे।

# सुंदर कुंज लॉज एवं मैरिज हॉल का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सिल्ली। सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत बुधवार को सिल्ली बुंडू रोड के किनारे सुंदर कुंज लॉज एवं मैरिज हॉल का शुभारंभ पूजा पाठ तथा हवन के साथ संपन्न हुआ। मैरिज हॉल को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। मैरिज हॉल के संचालक सुशील कोईरी के द्वारा बताया गया कि यह हॉल सभी सुख सुविधाओं से परिपूर्ण है। यहां पर शादी या अन्य किसी भी प्रकार का समारोह करने पर किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि यह लॉज आधुनिक सुविधाओं से लैस है। यह हाल इस क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर मानसिंह महतो, संतोष कोइरी, अनूप कोइरी, अमन कुमार, ललित कोईरी, नीलकंठ कोईरी, घनश्याम कोईरी समेत आसपास के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने मांग को लेकर किया विरोध

**रांची।** बुधवार तीसरे दिन सभी जिलों के एमपीडब्लयू स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर सभी जिलों में चरणबद्ध आंदोलन के तहत सभी एमपीडब्लयू स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने शरीर पर मांग पत्र का बैनर/पोस्टर लगाकर काम करते हुए विरोध दर्ज किया और विभाग में अपनी स्थाई समायोजन और कोविड के पश्चात 2 सालों के अंदर दिवंगत 22 एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों के परिवार को उचित मुआवजा और उनके आश्रित को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी की मांगों को विभाग और सरकार के समक्ष रखा । जिसकी जानकारी राज्य संघ के अध्यक्ष पवन कुमार ने दिया और यह भी बतलाया कि इस तरह विभाग और सरकार का अड़ियल रवैया हम सभी को आगे और भी आक्रामक रूप से हड़ताल करने पर बाध्य करेगा आज तीन दिन बीत जाने के पश्चात भी विभाग या सरकार स्तर से किसी प्रकार का कोई पहल नही किया गया है।

विस्तार — सभी नगर निकायों के कार्यकाल का विस्तार किया जाए

# चुनाव को टालने का प्रयास हो रहा है




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची नगर निगम महापौर कार्यालय द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि नगर निकाय चुनाव को लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है। ट्रिपल टेस्ट कराने के नाम पर राज्य सरकार निकाय चुनाव को टालने का प्रयास कर रही है। जब राज्य सरकार को ट्रिपल टेस्ट ही कराना था तो सरकार ने पूर्व में ही यह निर्णय क्यों नहीं लिया। जब नगर निकाय के चयनित जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल पूरा होने का समय आ गया तो राज्य सरकार ने आनन-फानन में यह घोषणा कर दी कि अब ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद ही नगर निकाय का चुनाव कराया जाएगा। मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने 06 अप्रैल 2023 को ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सूचित किया था कि राज्य के कई नगर निकायों का कार्यकाल 28 अप्रैल 2023 को समाप्त हो रहा है, परंतु अब तक निकाय चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में ससमय चुनाव होना प्रतीत नहीं हो रहा है। अतः जब तक नगर निकायों के चुनाव की घोषणा नहीं हो जाती, टैब तक रांची समेत उन सभी नगर निकायों के कार्यकाल का समयावधि विस्तार किया जाए, जिनका कार्यकाल 28 अप्रैल 2023 को समाप्त हो रहा है। इसके बावजूद राज्य सरकार की यह दलील (ट्रिपल टेस्ट) नियम संगत नहीं है। राज्य सरकार की इस दलील से विभागीय भ्रष्टाचार की बू आ रही है। पूर्व में पंचायत चुनाव से पूर्व पंचायत के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल के विस्तार किया गया था। लिहाजा राज्य सरकार को नगर निकाय के जनप्रतिनिधियों के कार्यकाल को भी चुनाव तक विस्तार दिया जाना चाहिए, ताकि जन आकांक्षाओं के अनुरूप जनप्रतिनिधि शहरी विकास का कार्य करा सकें। जनता और जनप्रतिनिधि के बीच आपसी समन्वय बना रहे। नगर निकायों में जनप्रतिनिधियों के नहीं रहने पर अफसरशाही हावी होगा। विभिन्न योजनाओं में अधिकारियों को लूट की छूट होगी। अतः राज्य सरकार से आग्रह है कि वैसे नगर निकाय, जिनके चयनित जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल 28 अप्रैल को पूरा हो रहा है, उनके कार्यकाल का विस्तार किया जाए।

## नीतीश कुमार ने आनंद मोहन को सजा माफ कर दलितों को छला : महासभा

**रांची।** बुधवार को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय महासचिव उपेंद्र रजक उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान संरक्षक आरपी रंजन बीके दास ने कहां की दलित जिलाधिकारी डीएम जी कृष्णैया के हत्यारा आनंद मोहन को नीतीश सरकार ने रिहा करके बिहार सहित देश में रहने वाले 25% अनुसूचित जाति के लोगों को हत्या करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हत्यारा को छोड़ने से पहले नीतीश नीतीश सरकार को सौ बार सोचने की जरूरत था उन्होंने कहा कि नीतीश ने लोकसभा में उन्होंने कहा कि 1994 में बिहार राज्य के सबसे ईमानदार दलित अधिकारी को जिस तरह से आनंद मोहन ने दिनदहाड़े हत्या किया था वह है माफी का योग नहीं है उसके बाद भी वोट के राजनीतिक में दलितों को छलने व ठेस पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि *नीतीश एवं उनके लोगों को इस कृतज्ञ को लेकर देश व राज्य के दलित माफ नहीं करेगा।

# मादक पदार्थों के बिक्री पर नियंत्रण के लिए चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला-खरसावां**
समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त अरवा राजकमल एवं पुलिस अधीक्षक आनंद प्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) से सम्बन्धित बैठक हुई। बैठक में मादक द्रव्य पदार्थों के बिक्री पर नियंत्रण के लिए बिंदुवार चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने कहा की नशामुक्ति के प्रति जागरूकता लाने के लिए विभिन्न माध्यम से लगातार जागरूकता अभियान चलाकर मादक पदार्थो के सेवन से स्वास्थ्य के साथ परिवार पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से लोग अवगत कराया जाए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं सभी कार्यालय प्रधान को सहभागी बनाएं ताकि अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालय व महाविद्यालय में प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी एवं विद्यार्थियों का प्रशिक्षण कराना सुनिश्चित करें, उन्हें लर्निंग मटेरियल भी उपलब्ध कराएं। उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी ड्रग ट्रैफिकिंग को रोकने के लिए एक्सचेंज ऑफ इंटेलिजेंस-इंफॉर्मेशन के लिए कर्मचारी, चौकीदार, रोजगार सेवक इत्यादि के साथ समन्वय स्थापित कर अवैध पदार्थों की खेती पर रोक लगाना सुनिश्चित करेंगे। ऐसे क्षेत्रों में किसानों एवं ग्रामीणों को भी विभिन्न माध्यम से जागरूक करें। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि जिले के सभी थाना प्रभारी , रेंजर एवं अंचल अधिकारी जिले में हो रही अफीम, गांजा की अवैध खेती पर कड़ी नजर रखते हुए समय-समय पर औचक निरीक्षण कर अवैध पदार्थों की खेती तथा उसके परिचालन में संलिप्त लोगो पर नियमसंगत सख्त कारवाई करें।

# झुमरी तिलैया : वैष्णो देवी के दर्शनार्थियों के लिए रेलवे का तोहफा



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
इस बार गर्मी की छुट्टियों में वैष्णोदेवी दरबार में मत्था टेकने वाले यात्रियों को कम पैसे में ही एसी में सफर की सुविधा मिलनी शुरू हो गयी है। अब कोडरमा होकर चलने वाली कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच जुड़ गए हैं। एसी इकोनॉमी कोच में यात्रा करने वालों को एसी में चैन की नींद लेकर कोडरमा से जम्मूतवी तक पहुंचने के लिए 105 रुपये कम चुकाने होंगे। कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस में स्लीपर, थर्ड एसी और सेकेंड एसी कोच जुड़े थे। अब इस कोच में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच भी जुड़ गया है। इकोनॉमी क्लास का कोच जुड़ने से अब यात्रियों को थर्ड एसी की तुलना में थोड़ा कम किराया चुकाकर एसी में सफर की सुविधा मिलेगी। थर्ड एसी इकोनॉमी कोच में कुल 83 सीटें हैं। इनमें 80 सीटें यात्रियों के लिए आरक्षित होंगी। शेष तीन सीटों का उपयोग बेड रोल रखने के लिए होगा। थर्ड एसी की तुलना में जहां किराया कम होगा, वहीं उसकी 72 सीटों के बदले में इसमें आठ सीटें अधिक हैं। कोडरमा से हर दिन अप-डाउन में 40 से अधिक से अधिक यात्री ट्रेनें खुलती और गुजरती हैं। इसके पूर्व कोडरमा के रास्ते झारखण्ड नयी दिल्ली स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन में थर्ड एसी इकोनॉमी कोच से जुड़े गया था। कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस कोडरमा होकर गुजरने वाली यह दुसरी ट्रेन है जिसमें इकोनॉमी कोच जुड़े हैं। इसके साथ ही कोडरमा के यात्री जम्मु के लिए पहली बार अपने शहर से इकोनॉमी कोच से यात्रा कर सकेंगे। कोडरमा से जम्मूतवी की इकोनॉमी क्लास का कुल किराया 1615 रुपये है, जबकि थर्ड एसी का किराया 1720 रुपये रखा गया है।इसी तरह स्लीपर में कोडरमा से जम्मु का 645 रुपएं एसी सैकेण्ड 2495 रुपए किराया है।

## पीडीएस दुकान में मिलने वाले फोर्टीफाइड चावल को लाभुकों ने बताया प्लास्टिक चावल



**बरकट्ठा।** बीते दिनों प्रखंड अंतर्गत ग्राम गैड़ा में मिथिलेश रविदास के पीडीएस दुकान में लाभुकों को प्लास्टिक चावल दिए जाने की सूचना पंचायत के उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय को दी गई। जिसके बाद उपमुखिया ने उक्त दुकान पहुंच कर मामले की जानकारी ली। वहीं जांच के दौरान चावल के बोरे में सफेद रंग का प्लास्टिक जैसा दिखने वाला चावल का दाना मिला। विदित हो कि डीलर को अप्रैल में अनाज वितरण के लिए गोदाम से डोर स्टेप डिलीवरी के माध्यम से चावल मिला है । मामले को लेकर झामुमो जिला संयुक्त सचिव प्रमोद गुप्ता ने एमओ मिन्टू रजक से दूरभाष पर मामले को अवगत कराया। वहीं एमओ ने कहा कि मुझे मामले की जानकारी मिली है ।लेकिन पीडीएस दुकान में मिल रहे चावल में सफेद रंग का चावल प्लास्टिक मिक्स चावल नहीं है। यह चावल पोषण युक्त चावल है जिसे फोटीफाईड राइस कहते हैं। इसमें आयरन, फॉलिक एसिड और विटामिन बी12 मिला होता है जो एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करती है। कहा कि इस मामले की छानबीन मैं 27 अप्रैल को करूंगा। आवश्यकता पड़ने पर जांच के लिए डीएसओ के पास भेजा जा सकता है।

## राजकेशरी निर्माण एंजेसी ने मृतक के पत्नी को सौंपा 2लाख 75हजार का चेक



**बरकट्ठा।** सिक्स लाइन जीटी रोड सड़क चौड़ीकरण कर रही राजकेशरी प्राईवेट लिमिटेड ने मृतक के पत्नी को 2लाख 75हजार का चेक सौंपा हैं। विदित हो की बीते 10दिन पूर्व निर्माण एंजेसी में कार्यरत मजदूर डोमन साव की मौत कंपनी की मिलर वाहन से हो गई थी। जिस पर ग्रामीणों ने कोषमा स्थित कंपनी के प्लांट गेट के समीप शव रखकर घंटो मुआवजा की मांग पर अड़े रहे। मुआवजा की आश्वासन मिलने के बाद ही शव को उठाया गया था। मौके पर निर्माण एंजेसी अधिकारी सोमेन बनर्जी उर्फ कानू दा, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, शिक्षक इद्रजीत प्रसाद, समाजसेवी सी के पाण्डेय, संजय कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल, मां की मौत

**बरही ।** होनी प्रबल है, यह नियत समय और नियत स्थान पर हो हो जाता है । ऐसा ही एक घटना बुधवार को एनएच 33 स्थित कदवा में देखने को मिला । जहां कुछ ही मिनट पहले घर से निकले कदवा निवासी नरेश यादव, उनकी पत्नी और मां के साथ देखने को मिला । जानकारी के अनुसार श्री यादव अपनी पत्नी और मां के साथ बाईक से बरही के लिए निकले थे । इसी क्रम में जीटी रोड कदवा स्थित एक लाइन होटल से ट्रक निकल रही थी । जिसमे बाईक सवार का सीधा टक्कर हो जाने से तीनो ट्रक के नीचे आ गए । इस घटना में बाईक चालक सहित सभी बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया । जिसमे वृद्धा मां को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया । अन्य सभी को प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया गया । प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो वृद्धा की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी । विदित हो कि यदि बाईक सवार हेलमेट पहने होते तो दुर्घटना टल सकता था ।

## महिला ने अश्लील वीडियो वायरल व तेजाब से जलाने की धमकी को लेकर कराया एफआईआर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने चेचकपी निवासी राजू सिंह पर फोन कर मुकदमा वापस लेने, अश्लील वीडियो वायरल करने, घर मे घुसकर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास और इंकार करने पर जान से मारने, तेजाब छिड़ककर जलाने की धमकी का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक राजू सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि 22 अप्रैल को आरोपी अचानक मेरे घर मे घुस गया। उसने जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दवाब देते हुए धमकी दिया कि संबंध नहीं बनाने पर पति और पुत्र को जान से मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस को साक्ष्य के रूप में फोन रेकॉर्डिंग का पेन ड्राइव और अश्लील वीडियो का स्क्रीन शॉट दी है। बताया जाता है कि 2019 में पीड़िता ने आरोपी राजू सिंह पर दुष्कर्म का मामला थाने में दर्ज कराई थी। उसी केस को न्यायालय से वापस लेने के लिए दवाब बनाने का प्रयास किया। लेकिन पीड़िता ने पुनः केस कर दी है। थाने में दर्ज कांड संख्या 70/ 23 के तहत भादवि की धारा 458, 307, 354 ए, 354 बी, 354 डी, 341, 342, 506, 509 और 67 आइटी एक्ट के आरोपी राजू सिंह को बनाया गया है।

## अवैध खनन के विरुद्ध प्रशासन ने की कार्रवाई

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में बुधवार को खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक द्वारा चलाए गए जांच अभियान के दौरान बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत 2 बालू लदे ट्रैक्टरों को अवैध रूप से खनिज का परिवहन करने का दोषी पाया गया । जिसके उपरांत वाहन को जब्त एवं संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज करने के उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सेंट जोसेफ के बच्चों को लगा रूबेला का टीका



**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
सेंट जोसेफ स्कूल झुमरी तिलैया में वैक्सीनेशन कैंप लगाकर बच्चों को मिजिल्स रूबेला का टीका लगाया गया। कैंप में लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने रूबेला का टीका लिया। इस मौके पर डॉक्टर अनिल कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने बच्चों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सभी को सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने टीकाकरण में स्कूलों के योगदान को सराहा। इसके पहले स्कूल प्रबंधक मोहम्मद मोईन आलम ने डॉक्टर अनिल कुमार का स्वागत किया और कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान से लोगों को काफी लाभ होगा। लोग वायरल बीमारियों से बच भी सकेंगे। इस मौके पर मंटू कुमार, रुपेश कुमार, राजेश भदानी, उदय कुमार, सुजाता गांगुली, रितेश कुमार, रुपा किस्पोट्टा, डॉनसन एंथोनी के अलावा स्वास्थ्य विभाग से मोहम्मद मोनाज़िर एहसान, सुनील कुमार, रंजना कुमारी, सुमित रायका और पूनम कुमारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

### विधायक सुनीता चौधरी और डीसी ने संयुक्त रूप से किया उद्घाटन

# गोला प्रखंड के नावाडीह में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र खुला



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का बुधवार को उद्घाटन किया गया। अवसर पर विधायक सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने संयुक्त रूप से मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर सुनीता चौधरी, उपायुक्त माधवी मिश्रा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्यों अन्य जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा बच्चों के बीच पठन सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुनीता चौधरी ने कहा कि मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से ना केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि रामगढ़ जिले के विकास में भी इससे गति आएगी। इस दौरान उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा ने कहा की रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। लेकिन लगभग 50% आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन अस्थाई भवनों अथवा किराए के भवनों में हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी के माध्यम से जिले में योजनाबद्ध तरीके से आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज डीएमएफटी के तहत नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में किया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि शेष निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का भी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है एवं अधिकारियों को जल्द से जल्द मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

### केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू ने किया प्रेस वार्ता, कहा

## मौका मिला तो विस क्षेत्र में पानी व बिजली की होगी समुचित व्यवस्था



**एजेंसी। बरही**
बुधवार की सुबह पदमा प्रखंड के पिंडारकोण पंचायत के कुछ लोग तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू से मिलने बरही हाउस में पहुंचे थे । उन्होंने बताया कि पिछले चार महीनों से वेलोग अंधेरे में है, बिजली विभाग के एसडीओ को कई बार खबर किया गया। परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ । केंद्रीय अध्यक्ष से पंचायतवासियों के समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उक्त जानकारी बरही हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय अध्यक्ष साहू ने अपनी मां साबी देवी की उपस्थिति में दी। उन्होंने बताया कि बिजली विभाग बिल बकाया रहने पर छापेमारी करने और प्राथमिकी दर्ज करने में आगे है। परंतु जनता की समस्या को चार महीनों से टाल रही है। यदि विभाग एनओसी दे 24 घंटे में तिलेश्वर साहू सेना ट्रांसफार्मर लगाने का काम करेगी । उन्होंने बरही के पेयजल की समस्या पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान और पूर्व दोनों विधायकों ने बरही वासियों को छलने का काम किया है । वर्तमान विधायक मार्च में जवाहर घाटी स्थित इंटकवेल से पानी चालू करवाने की बात कही थी। परंतु यह आश्वासन भी सफेद हाथी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज पानी टंकी ही प्यासा है तो जलापूर्ति कैसे होगी। विधायक के बातों का विधानसभा में यह अधिकारियो के समक्ष कितना वजन है यह उनके आश्वानों से सहज लगाया जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील किया कि बरही विधानसभा को एक सशक्त नेतृत्व की आवश्यकता है। साहू ने कहा कि यदि जनता उन्हें मौका देती है तो विधानसभा क्षेत्र में पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था की जायेगी।

## टेंपो और ट्रेकर मालिकों और चालकों ने सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़।** टेंपो और ट्रेकर मालिक एवं चालकों के प्रतिनिधि मंडल ने छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा । सौंपे गए ज्ञापन में मालिक व चालकों ने बताया है की ऐसी जानकारी मिल रही है की छावनी परिषद की ओर से टेंपो का पार्किंग शुल्क 5 रूपए से बढ़ाकर 10 रूपए एवं ट्रेकर का पार्किंग शुल्क 15 रूपए से बढ़ाकर 20 रूपए किये जाने की योजना बनायी जा रही है। ज्ञापन में कहा है की टेंपो के पार्किंग शुल्क में 100 प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। जबकि ट्रेकर का पार्किंग शुल्क 5 रूपए बढ़ाये जाने की योजना है। कहा की पार्किंग शुल्क में वृद्धि की यह योजना न्यायोचित नही है। ज्ञापन में बताया की टेंपो के मालिक व चालक बैंकों से लोन लेकर टेंपो खरीद कर बड़ी मुश्किल से अपनी जीविका चलाते हैं। वहीं, हर माह उन्हें बैंकों के लोन की राशि भी देनी पड़ती है। ज्ञापन में बताया की ट्रेकर के मालिक और चालकों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी सह जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी विशाल कुमार ने उपायुक्त को सूचना भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस के सुरक्षा प्रोटोकॉल के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में मौजूद सीसीटीवी कैमरें, अग्निशमन व्यवस्था, कुल कंट्रोल एवं बैलट यूनिट के संबंध में जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण निर्देश दिया । मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, नगर परिषद कोषाध्यक्ष मुरलीधर कोठारी, जिला महामंत्री भाजपा रंजन फौजी,आजसू नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष आर.पी.आई. गोविंद वेदिया, जे.डी. यू. से ज्योतिन्दू सहित अन्य उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में बैठक आयोजित

**रामगढ़।** हाथमारा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 100वें भाग का प्रसारण पूरे रामगढ़ विधानसभा में प्रमुखता से सुनने पर बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं मंच संचालन महामंत्री प्रो.खिरोधर साहू ने किया । मौके पर सर्वप्रथम मंचासीन पदाधिकारियों ने महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण का नमन किया । तत्पश्चात बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश में हो रहे विकास,अविष्कार और सुदूरवर्ती ग्रामीण द्वारा कृषि में अनोखे प्रयोग जैसी जानकारियों से पूरे देश को परिचित करवाने की जो श्रृंखला चलायी है वह आज पूरे विश्व में लोकप्रिय हो चुका है।

**जानकारी** | जलमीनार निर्माण में घटिया, गिट्टी-बालू गुणवत्ता को कर रहा है प्रभावित

# 14 करोड़ की है योजना, कई लोग होंगे लाभान्वित



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बसरिया उर्फ पंचमाधव पंचायत में 14 करोड़ की लागत से बन रहे जलमीनार में घटिया गिट्टी और बालू का उपयोग किया जा रहा है । क्षेत्र भ्रमण के दौरान उक्त जानकारी मिली। साइट पर कार्य कर रहे मजदूरों ने भी गिट्टी और बालू के घटिया होने की पुष्टि की है । गिट्टी में सफेद और थर्ड श्रेणी के पत्थरो की भी मिलावट देखने को मिला है । जिसका कोई निश्चित साइज नही है । इतना ही नहीं निर्मित संरचना में पानी की भी घोर कमी देखी जा रही है। जिससे जुड़ाई किए गए ईट या दीवार की मजबूती प्रभावित हो रहा है । इस महत्वाकांक्षी जलापूर्ति योजना घोर लापरवाही के कारण पूरी तरह प्रभावित हो रहा है । जिसका कोई निश्चित मानक देखने को नहीं मिल रहा है । इस दिशा में स्थानीय पदाधिकारियों को भी स्थल जांच करने की आवश्यकता है । जलमीनार निर्माण कार्य का विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू यादव ने भी स्थल निरीक्षण किया । उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य में थर्ड ग्रेड का गिट्टी, बालू का प्रयोग किया जा रहा है । इसकी शिकायत जेई को भी किया गया है । परंतु निर्माण कार्य में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है । विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि विधायक उमाशंकर यादव के प्रयास से 14 करोड़ की लागत से यह महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की गई है । जिससे कई पंचायत के ग्रामीण लाभान्वित होने वाले है । परंतु घटिया सामग्री और लचर व्यवस्था से जलमीनार की गुणवता प्रभावित होगा । इसके लिए जेई को गुणवता कर ध्यान देने का निर्देश भीं दिया । जेई ने कहा संबंधित मामले में पूछे जाने पर जेई बिमल किशोर ने कहा कि निर्माण कार्य का उनके द्वारा लगातार निरीक्षण किया जाता रहा है । गुणवता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं की जा रही है । शिकायत मिलते ही संवेदक को सुधारने के निर्देश दिए जाते रहे है । उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत आई है, इस पर पुनः संवेदक को गुणवता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप जलमीनर कार्य में लगाए जा रहे घटिया सामग्री और लापरवाही को ग्रामीणों ने भी सही ठहराया है । नाम नही छापने के शर्त पर स्थानीय युवक ने बताया कि निर्माण कार्य देखकर ही घटिया निर्माण का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है । जेई भी निरीक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। इसमें स्थानीय नेताओं सही जेई की भी मिली भगत है ।

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा को लेकर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा द्वारा आयोजित श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह नवापरायन 11 दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को विधि-पूर्वक एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न किये गये। महायज्ञ में यज्ञाचार्य श्रीश्री 1008 प्रचेतश जी महाराज की देखरेख में आचार्य शशि मिश्रा, आचार्य धनंजय शरण, अमरेंद्र पांडेय, राजेश पांडेय, विकास पाठक, सोनू पांडेय, धर्मेश मिश्रा, दीपक शास्त्री, नर्वोत्तम पांडेय, ध्रुवेश मिश्रा, भारतेन्दु पांडेय, रूद्र प्रकाश शुल्क, श्याम किशोर मिश्रा ने तीसरे दिन अर्णीमंथन, हवन प्रारम्भ कराया गया। महायज्ञ के चौथे दिन अन्नाधिवास, जलाधिवास, पांचवे दिन पुष्पाधिवास, फलाधिवास, छठे दिन वेदी पूजन, शय्याधिवास, सातवें दिन नगर भ्रमण एवं पूजन, आठवे दिन महाअभिषेक, नौवे दिन वेदी पूजन, सुन्दरकाण्ड पाठ, दसवें दिन मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और अंतिम दिन 4 मई को पूर्णाहूति एवं भण्डारा के साथ 11 दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजन-अनुष्ठान में बतौर यजमान रामेश्वर गोप,सुरेश गोप,लखन मुंडा,छठु प्रसाद,संजय प्रसाद,जनक साव, प्रकाश साव,शिव शंकर व रमेश यादव सपत्नी शामिल हुए।

